RNI NO. RAJHIN/2013/50649

pktimesnews.com PK Times News thepktimesofficial pk_timesofficial

PK टाइम्स

दैनिक लोक टुडे
www.loktodaynews.com

'अशांत मन को नियंत्रित करना आवश्यक है, अन्यथा यह शत्रु की तरह व्यवहार करता है।'
-श्रीमद्भगवद्गीता

वर्ष - 12 | अंक - 257 | मूल्य - 1 रुपए | राजस्थान | बुधवार, 25 मार्च, 2026

### शिक्षा — राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने किया 10वीं का रिजल्ट जारी, झुंझुनू बेहतर तो प्रतापगढ़ फिसला

# इस बार भी बेटियों में मारी बाजी, ओवर ऑल 94.23 प्रतिशत रहा परिणाम, राज्य में प्रियांशी टॉपर

**लोक टुडे । जयपुर**



राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की ओर से मंगलवार को 10वीं का रिजल्ट जारी कर दिया गया। इस बार 94.23 प्रतिशत परिणाम रहा है। यह पिछले साल से 1.17 प्रतिशत ज्यादा है। पिछले साल 93.06 प्रतिशत परिणाम रहा था। लड़कों का 93.63 और लड़कियों का 94.90% रिजल्ट रहा है। दोपहर करीब एक बजे माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के अजमेर स्थित ऑफिस से शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने रिजल्ट की घोषणा की। हिन्दी, अंग्रेजी, सोशल साइंस, साइंस, मैथ्स, संस्कृत, उर्दू, पंजाबी में कई स्टूडेंट्स को 100 में से 100 नंबर मिले हैं। सीकर के लोसल में स्थित शेखावाटी स्कूल की प्रियांशी ने 99.83% नंबर हासिल किए हैं। जयपुर के महेश नगर स्थित कैम्ब्रिज स्कूल की छात्रा रिद्धिमा जांगिड़ ने 99.67% अंक हासिल किए हैं। हनुमानगढ़ में नोहर के टेस्ला पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल की पल्लवी ने 99.17 प्रतिशत अंक हासिल किए हैं। स्कूल के निदेशक कुलदीप गौड़ ने बताया कि पल्लवी ने जिले में टॉप किया है। खास बात यह है कि पल्लवी के पिता सुरेश कुमार टेस्ला स्कूल में बस ड्राइवर हैं। ऐसा पहली बार हुआ, जब 10वीं का रिजल्ट 12वीं के रिजल्ट से पहले जारी हुआ है। बोर्ड इतिहास में भी ये पहला मौका है, जब मार्च में रिजल्ट आया है। इस साल बोर्ड की परीक्षाएं 12 फरवरी से शुरू हुई थीं।

| परिणाम में टॉप 5 जिले | | जिले रिजल्ट में फिसले | |
|---|---|---|---|
| झुंझुनू | 97.77 | प्रतापगढ़ | 88.11 |
| डीडवाना | 97.59 | बारां | 89.72 |
| सीकर | 97.43 | झालावाड़ | 89.94 |
| नागौर | 97.09 | बूंदी | 90.21 |
| जोधपुर | 96.48 | करौली | 91.01 |

### माही बांध क्षेत्र बांसवाड़ा में माही के टापुओं को संवारने की दिशा में सरकार का बड़ा कदम

# सिटी ऑफ हंड्रेड आइलेंड्स को लगेंगे विकास के पंख

**लोक टुडे । जयपुर**

वागड़ अंचल में सिंचाई के लिए जल उपलब्ध कराने और बिजली उत्पादन में अहम योगदान निभाने वाला माही बांध अब पर्यटन के नए आयाम भी स्थापित करेगा। बांध भराव क्षेत्र में स्थित अनुपम प्राकृतिक धरोहर हण्ड्रेड आइलेंड्स और आसपास की भूमि पर सुनियोजित पर्यटन विकास हो सकेगा। इसके लिए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के मार्गदर्शन में राज्य सरकार ने क्षेत्र को पर्यटन पहचान देने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल की है। राज्य सरकार के प्रशासनिक सुधार विभाग द्वारा उच्चस्तरीय समिति का गठन किया गया है। यह समिति बांध क्षेत्र में पर्यटन विकास के लिए विस्तृत मास्टर प्लान तैयार करेगी। इसके जरिए नियंत्रित और पर्यावरण-अनुकूल पर्यटन गतिविधियां विकसित की जा सकेंगी। इससे जल संरक्षण के साथ-साथ स्थानीय स्तर पर रोजगार के नए अवसर भी सृजित होंगे।



#### उच्चस्तरीय समिति में संभागीय आयुक्त उदयपुर अध्यक्ष

राज्य सरकार की गठित समिति में उदयपुर संभागीय आयुक्त को अध्यक्ष बनाया गया है। इनके साथ बांसवाड़ा जिला कलेक्टर, जल संसाधन बांसवाड़ा मुख्य अभियंता, उप वन संरक्षक बांसवाड़ा, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी वृत्त बांसवाड़ा के अधीक्षण अभियंता, राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड बांसवाड़ा के क्षेत्रीय अधिकारी, सहायक नगर नियोजक बांसवाड़ा, पर्यटन विभाग के सहायक निदेशक को सदस्य बनाया गया है। समिति में निर्माण वृत्त माही परियोजना के अधीक्षण अभियंता को सदस्य सचिव बनाया गया है। जल संसाधन विभाग को समिति का प्रशासनिक विभाग बनाया गया है।

#### इको-टूरिज्म पर फोकस

माही बैक वाटर में फैले टापू, चारों ओर हरियाली और पहाड़ियों से घिरा यह इलाका पहले ही पर्यटकों को आकर्षित कर रहा है। क्षेत्र में वाटर एक्टिविटीज, नेचर-बेस्ड टूरिज्म, व्यू-पॉइंट और अन्य आकर्षण विकसित किए जा सकेंगे।

#### राज्य सरकार की दूरदर्शी पहल

विकास संतुलित, पर्यावरण-अनुकूल और राजस्व संवर्धन से हो सकेगा। एक ऐसा मॉडल विकसित होगा, जिससे क्षेत्रीय विकास, पर्यटन और जल संरक्षण के उद्देश्यों की पूर्ति हो सकेगी। मील का पत्थर साबित होगा। **सुरेश सिंह रावत, जल संसाधन मंत्री**

## उधारी मांगी, युवक को जिन्दा जलाया

**लोक टुडे । सवाई माधोपुर**



उधार दिए रुपए मांगने पहुंचे युवक को पेट्रोल डालकर जिंदा जला दिया गया। बुरी तरह झुलसे युवक को जिला हॉस्पिटल लाया गया। गंभीर हालत में जयपुर रेफर किया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। घटना सवाई माधोपुर जिले के एक गांव की है। मृतक लोकेश मीणा (28) निवासी भारजा नदी ने मरने से पहले पुलिस को बयान भी दिया है। इसमें 2 महिला समेत कुल 4 लोगों पर जलाकर मारने आरोप लगाया है। पुलिस को बयान देते समय युवक का एक वीडियो भी सामने आया है। मामले में थानाधिकारी का कहना है- एक युवक की पेट्रोल डालकर आग लगने से गंभीर झुलसने की सूचना मिली थी। उसे देर रात जयपुर रेफर किया गया, जहां इलाज के दौरान आज दोपहर उसकी मौत हो गई। रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जांच के बाद सही कारणों की जानकारी सामने आ सकेगी। पुलिस को दिए बयान में युवक ने उधारी के रुपए देने का दावा किया है।

### सेना प्रमुखों संग युद्ध जैसी तैयारी की समीक्षा, रक्षा मंत्री ने ली बैठक

# ईरान–इजरायल–अमेरिका टकराव पर भारत ने बढ़ाई सतर्कता

**लोक टुडे । नयी दिल्ली/जयपुर**



नई दिल्ली के साउथ ब्लॉक में मंगलवार को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में हाई लेवल सुरक्षा हुई। बैठक में साफ कर दिया है कि वेस्ट एशिया में भड़कते हालात को भारत हल्के में नहीं ले रहा। अनिल चौहान, उपेंद्र द्विवेदी, दिनेश के त्रिपाठी और ए पी सिंह समेत तीनों सेनाओं के शीर्ष कमांडरों ने मौजूदा हालात को संवेदनशील और संभावित खतरे से भरा माना। बैठक के बाद संकेत साफ हैं- भारत वेट एंड वॉच मोड में नहीं, बल्कि एक्टिव प्रिपेयर्डनेस मोड में है। अगर हालात युद्ध में बदलते हैं तो भारत सबसे पहले अपनी ऊर्जा सुरक्षा को बचाने के लिए खाड़ी देशों से तेल सप्लाई की वैकल्पिक व्यवस्था करेगा, क्योंकि कच्चे तेल की कीमतों में उछाल सीधे आम आदमी की जेब पर हमला करेगा। अरब सागर और स्ट्रेट ऑफ होर्मुज में भारतीय नौसेना की तैनाती बढ़ जा सकती है ताकि व्यापारिक जहाजों और तेल टैंकरों को सुरक्षित रखा जा सके। तीसरा, भारतीय नागरिकों की सु-रक्षा। जरूरत पड़ी तो ऑपरेशन गंगा जैसे बड़े स्तर के निकासी अभियान चलाए जा सकते हैं। चौथा, भारत कूटनीतिक स्तर पर खुलकर सामने आएगा। जैसा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पहले ही संकेत दे चुके हैं, भारत युद्ध नहीं बल्कि संवाद का पक्षधर है, लेकिन अपने हितों से कोई समझौता नहीं करेगा। साफ शब्दों में कहें तो अगर ये युद्ध भड़कता है तो इसका सीधा असर भारत की अर्थव्यवस्था, बाजार, शेयर मार्केट, महंगाई और आम जिंदगी पर पड़ेगा। इसी खतरे को भांपते हुए भारत अब हर मोर्चे पर अपनी रणनीति को धार दे चुका है।

# IPS पुष्पेंद्र सिंह अवमानना के दोषी

### हाईकोर्ट ने 6 अप्रेल को पेश होने के निर्देश दिए

**लोक टुडे । जयपुर**

राजस्थान हाईकोर्ट ने कद्दर अधिकारी और एसीबी के तत्कालीन अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पुष्पेंद्र सिंह राठौड़ को अवमानना का दोषी माना है। वॉट्सएप पर नोटिस भेजकर आरोपी को गिरफ्तार करने के मामले में राठौड़ को 6 अप्रेल को कोर्ट में उपस्थित होने के निर्देश दिए हैं। जस्टिस प्रवीर भटनागर की अदालत ने पुष्पेंद्र सिंह राठौड़ को सजा के बिंदु पर सुनवाई के दौरान कोर्ट में उपस्थित रहने के निर्देश दिए। अदालत ने यह आदेश सोमवार को रवि मीणा की अवमानना याचिका पर सुनवाई करते हुए दिया। साथ ही कोर्ट ने पुलिस की इस तरह की कार्रवाई पर नाराजगी जताते हुए वॉट्सएप पर नोटिस भेजने के बाद आरोपी को गिरफ्तार करने को अवैध ठहराया। पुष्पेंद्र सिंह राठौड़ अभी सिरोही में पुलिस अधीक्षक (SP) हैं।



**कोर्ट ने कहा- बिना ठोस कारण गिरफ्तार नहीं करना चाहिए :** हाईकोर्ट ने कहा- नोटिस की तामील कानून में निर्धारित प्रक्रिया यानी व्यक्तिगत तामील, चस्पा और स्पीड पोस्ट आदि से ही होनी चाहिए। यदि आरोपी नोटिस का पालन करता है, तो उसे बिना ठोस कारण गिरफ्तार नहीं करना चाहिए।

**पुलिस की कार्रवाई अदालत की अवमानना**

याचिकाकर्ता के अधिवक्ता मोहित खंडेलवाल ने बताया- आरएसएलडीसी में हुए घूसकांड से जुडे. मामले में एसीबी ने याचिकाकर्ता को एक फरवरी 2023 को गिरफ्तार किया था। इससे पहले एसीबी के जांच अधिकारी ने 25 जनवरी 2023 को उसे वॉट्सएप के जरिए नोटिस भेजा और 31 जनवरी को पेश होने के लिए कहा। इस पर उसने एसीबी के नोटिस का जवाब देते हुए अपनी पत्नी की बीमारी के कारण समय मांगा था, लेकिन पुलिस ने बिना विधिक प्रक्रिया अपनाए ही उसे सीधे गिरफ्तार कर लिया। इसे चुनौती देते हुए कहा गया कि यह कार्रवाई सीआरपीसी की धारा 41-ए की अवहेलना है। मामले में कानूनी प्रक्रिया का अनुसरण नहीं किया है। ऐसे में एसीबी की कार्रवाई कानून और अदालत की अवमानना है।

**एसीबी ने कहा- दबाव बनाने के लिए याचिका**

इसके जवाब में एसीबी की ओर से कहा गया कि उन्होंने आरोपी को नोटिस दिया था, लेकिन उसने जवाब में टालमटोल रवैया रखा। इसके अलावा याचिकाकर्ता एफआईआर को रद्द करवाने के लिए हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट तक जा चुके हैं और असफल रहे हैं।

### अब राष्ट्रीय स्तर पर करेंगी राजस्थान का प्रतिनिधित्व, मिस वर्ल्ड की दौड़ में हुई शामिल

# जयपुर की तरुशी राय बनीं मिस इंडिया राजस्थान 2026

**लोक टुडे। जयपुर**



मिस राजस्थान-2022 की विजेता तरुशी राय ने बड़ी सफलता हासिल की है। तरुशी ने सोमवार शाम को फेमिना मिस इंडिया राजस्थान-2026 का खिताब अपने नाम कर लिया है। इस उपलब्धि के साथ अब वह राष्ट्रीय स्तर पर होने वाली फेमिना मिस इंडिया प्रतियोगिता में राजस्थान का प्रतिनिधित्व करेंगी और मिस वर्ल्ड की दौड़ में शामिल होंगीं। मिस राजस्थान के आयोजक और तरुशी राय के मेंटर योगेश मिश्रा और निमिषा मिश्रा ने बताया कि फेमिना मिस इंडिया प्रतियोगिता का यह 61वां वर्ष है। राजस्थान से चयनित होकर तरुशी राय ने इस उपलब्धि के साथ एक नई मिसाल कायम की है। उन्होंने बताया कि फेमिना मिस इंडिया की विजेता अंतरराष्ट्रीय मंच मिस वर्ल्ड प्रतियोगिता में देश का प्रतिनिधित्व करती है। योगेश मिश्रा और निमिषा मिश्रा ने बताया कि पिछले साल भी मिस राजस्थान-2023 की विजेता वैष्णवी शर्मा ने फेमिना मिस इंडिया राजस्थान का खिताब जीता था। इस साल मिस राजस्थान संगठन ने लगातार दूसरी बार यह खिताब अपने नाम किया है। उन्होंने बताया कि 24 साल की तरुशी राय एक मॉडल होने के साथ-साथ इलेक्ट्रिकल एवं कंप्यूटर इंजीनियरिंग के क्षेत्र से भी जुड़ी हुई हैं। लगातार दूसरी बार मिस राजस्थान विजेता का फेमिना मिस इंडिया राजस्थान के लिए चयन होना संगठन के लिए गर्व की बात है।



**मिस इंडिया का ताज जितना मेरा सपना - तरुशी राय**

तरुशी राय ने बताया कि मिस इंडिया का ताज जीतना उनके जीवन का एक बड़ा सपना रहा है और इसके लिए वह लंबे समय से मेहनत कर रहीं हैं। उनका लक्ष्य राष्ट्रीय स्तर पर राजस्थान का नाम रोशन करना है। तरुशी राय जयपुर के वैशाली नगर क्षेत्र की निवासी हैं। उनके पिता प्रहलाद राय लोक निर्माण विभाग में कार्यरत हैं, जबकि उनकी माता ममता राय पेशे से मेकअप आर्टिस्ट हैं। मिस इंडिया राजस्थान-2026 बनने के बाद तरुशी राय अब राष्ट्रीय स्तर पर होने वाली प्रतियोगिता में राजस्थान का प्रतिनिधित्व करेंगी।

# युवक की मौत, पत्नी और ससुराल वालों के खिलाफ केस दर्ज

### परिजनों ने सुसाइड के लिए उकसाने का लगाया आरोप

**लोक टुडे। जोधपुर**



जोधपुर कमिश्नरेट के कुड़ी भगतासनी थाना क्षेत्र में एक युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में ट्रेन से कटकर मौत हो गई। परिजनों ने मृतक की पत्नी और उसके ससुराल पक्ष पर प्रताड़ित करने और आत्महत्या के लिए उकसाने का आरोप लगाया है। जिसको लेकर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। झालामंड के रावों का बास निवासी प्रेमाराम ने कुड़ी भगतासनी थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है जिसमें बताया कि उसके बेटे प्रकाश (23) की करीब पांच साल पहले कविता के साथ शादी हुई थी। उसके बाद शुरूआती समय में दोनों सामान्य रूप से रह रहे थे, लेकिन पिछले करीब एक साल से पत्नी कविता लगातार झगड़ा व मानसिक प्रताड़ित कर रही थी। आरोप है कि वह अपनी सास के साथ भी अक्सर विवाद करती थी, जिससे परिवार में तनाव का माहौल बना रहता था।

**जल्द ही वापस आने की बात कही :** रिपोर्ट के अनुसार 18 मार्च को सुबह कविता ने ससुर प्रेमाराम और सास के साथ झगड़ा किया और अपने पीहर सालावास चली गई। फिर प्रकाश भी उसे मनाने के लिए वहां चला गया। इसके बाद प्रकाश से बात हुई तो उसने जल्द ही पत्नी सहित वापस आने की बात कही। फिर 22 मार्च की शाम को परिजनों को सूचना मिली कि प्रकाश की सांगरिया से बासनी रेलवे ट्रैक के बीच ट्रेन से कटने से मौत हो गई। परिजनों का आरोप है कि ससुराल पक्ष की लगातार प्रताड़ना और दबाव के चलते प्रकाश ने आत्महत्या जैसा कदम उठाया। पुलिस ने प्रेमाराम की रिपोर्ट पर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मामले की जांच उप निरीक्षक महादेव प्रसाद को सौंपी गई है।

# ग्रामीण LPG उपभोक्ताओं के लिए बड़ा फैसला 25 दिन बाद ही करवा सकेंगे नई बुकिंग

### कंपनियों ने 45 दिन वाला ब्लॉक हटाया

**लोक टुडे। जयपुर**



राजस्थान में अब ग्रामीण क्षेत्र के उपभोक्ता घरेलू सिलेंडर की बुकिंग 25 दिन बाद ही करा सकेंगे। करीब 10 दिन पहले कंपनियों ने रसोई गैस की किल्लत को देखते हुए बुकिंग अवधि को बढ़ाकर 45 दिन किया था। संचालकों का कहना है कि ग्रामीण इलाकों में उपयोग कम होने के कारण सिलेंडर की बुकिंग सामान्यतः भी एक माह या उससे ज्यादा के अंतराल में आती है। टाइम बढ़ने से डिलीवरी का समय और ज्यादा बढ़ गया था। वहीं, शहरी क्षेत्रों में बुकिंग 25 दिन बाद ही हो रही है। इसमें कोई बदलाव नहीं हुआ है। केंद्रीय पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने 12 दिन पहले संसद में ग्रामीण इलाकों में सिलेंडर बुकिंग टाइम बढ़ाने की जानकारी दी थी। उन्होंने बताया था कि अब ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों को एक सिलेंडर लेने के बाद अगला सिलेंडर 45 दिन बाद ही मिलेगा। यानी दो सिलेंडरों के बीच अब कम से कम 45 दिन का अंतर रखना जरूरी होगा। इसके बाद से राजस्थान के ग्रामीण इलाकों में लोगों को परेशानी हो रही थी।

# हाईकोर्ट व अधीनस्थ अदालतों का समय बदलेगा

### 13 अप्रैल से सुबह 8 बजे से लगेगी कोर्ट, ग्रीष्मकालीन शेड्यूल जारी

**लोक टुडे। जोधपुर**

राजस्थान हाईकोर्ट सहित प्रदेश के सभी अधीनस्थ न्यायालयों के समय में बदलाव किया गया है। आगामी 13 अप्रैल से अदालतों में ग्रीष्मकालीन समय-सारिणी लागू हो जाएगी। इसके तहत अब अदालती कार्यवाही सुबह 8 बजे से शुरू होगी। यह नई व्यवस्था 28 जून तक पूरे प्रदेश में प्रभावी रहेगी। राजस्थान उच्च न्यायालय, जोधपुर के रजिस्ट्रार (प्रशासन) शिवानी सिंह की ओर से इस संबंध में आधिकारिक अधिसूचना जारी की गई है। गर्मी के मौसम को देखते हुए अदालतों के न्यायिक और कार्यालय समय में यह बदलाव किया गया है।

**हाईकोर्ट का नया समय** अधिसूचना के अनुसार, राजस्थान हाईकोर्ट में न्यायिक कार्य अब सुबह 8 बजे से दोपहर 1 बजे तक चलेगा। इस बीच सुबह 10:30 बजे से 11 बजे तक आधे घंटे का मध्यांतर (ब्रेक) रहेगा। वहीं, हाईकोर्ट के कार्यालय का समय सुबह 7:30 बजे से दोपहर 1 बजे तक तय किया गया है, जिसमें 10:30 से 10:45 बजे तक 15 मिनट का विश्राम दिया जाएगा।

**अधीनस्थ (ट्रायल) अदालतों का शेड्यूल :** प्रदेश की सभी ट्रायल या अधीनस्थ अदालतों में भी सुनवाई का समय सुबह 8 बजे से दोपहर 12:30 बजे तक निर्धारित किया गया है। इन अदालतों में सुबह 10 बजे से 10:15 बजे तक 15 मिनट का ब्रेक रहेगा। इन अदालतों के कार्यालय का कार्य सुबह 7:30 बजे से दोपहर 1 बजे तक संचालित होगा।

**पीठासीन अधिकारियों के लिए निर्देश :** हाईकोर्ट प्रशासन की ओर से जारी आदेशों में पीठासीन अधिकारियों (प्रिजाइडिंग ऑफिसर) के लिए भी समय निर्धारित किया गया है। इसके तहत सभी पीठासीन अधिकारी सुबह 7:30 से 8 बजे तक और दोपहर 12:30 से 1 बजे तक अपने चैंबर में कार्य निपटाएंगे।

# भीलवाड़ा में पुलिस ने 5 हजार के इनामी को पकड़ा

**लोक टुडे। भीलवाड़ा**

भीलवाड़ा की सुभाष नगर थाना पुलिस ने शहर की आरके कॉलोनी में 5 साल पहले हुई एक चोरी के मामले में इनामी बदमाश को गिरफ्तार किया है।

इसकी गिरफ्तारी के लिए एसपी ने 5 हजार का इनाम भी घोषित किया था। ये लंबे समय से पुलिस को चकमा देकर गिरफ्तारी से बच रहा था। सुभाष नगर थाना प्रभारी कैलाश कुमार ने बताया- 2021 में आरके कॉलोनी में रहने वाले ओमप्रकाश नौलखा के सूने मकान को चोरों ने अपना निशाना बनाया था। इस दौरान चोर मकान से 1 लाख कैश और सोने चांदी के जेवर चुरा ले गए थे। इस मामले में जांच के बाद पुलिस ने 2 आरोपियों को गिरफ्तार किया था। इस वारदात का मुख्य आरोपी भगनिया और एक अन्य बदमाश फरार चल रहे थे। फरार भगनिया पर पुलिस ने 5 हजार का इनाम भी घोषित किया था। पुलिस की विशेष टीम ने घेराबंदी कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस अब चोरी किए गए माल की बरामदगी के प्रयास में जुटी है। साथ ही इसके एक फरार साथी की तलाश कर रही है।

# सड़क हादसे में युवती की मौत

**लोक टुडे। जयपुर**

जयपुर के शिप्रापथ क्षेत्र में सोमवार रात एक दर्दनाक सड़क हादसे में एक युवती की मौत हो गई। घर लौटते समय उसकी कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर पर चढ़कर पलटी खा गई। एक्सीडेंट थाना (साउथ) पुलिस ने पोस्टमॉर्टम के लिए शव को जयपुरिया हॉस्पिटल की मॉच्युर्री में रखवाया है। हेड कॉन्स्टेबल कैलाश ने बताया कि हादसे में मानसरोवर की एसएफएस कॉलोनी निवासी हर्षिल कालिया (30) पुत्री अरविन्द्र कालिया की मौत हो गई। रात करीब 11:30 बजे वह अपनी कार चलाकर घर वापस लौट रही थीं। शिप्रापथ रोड पर नगर निगम कार्यालय के पास मोड़ पर कार बेकाबू हो गई, डिवाइडर पर चढ़ी और पलट गई। कार पलटने के कारण युवती के सिर में गंभीर चोट लग गई। राहगीरों की सूचना पर शिप्रापथ एवं एक्सीडेंट साउथ पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची। पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से क्षतिग्रस्त कार को सीधा करवाया और घायल हर्षिल को गंभीर हालत में जयपुरिया अस्पताल पहुंचाया। वहां डॉक्टरों ने इलाज के दौरान उन्हें मृत घोषित कर दिया।

# पेट्रोल पंप के बाहर खड़े वाहनों में लगी आग, 4 ऑटो और एक कार जली

### करीब 30 मिनट तक उठती रही लपटें; फायर ब्रिगेड की 2 गाड़ियां ने पाया काबू

**लोक टुडे। उदयपुर**



उदयपुर में पेट्रोल पंप के ठीक बाहर खड़े वाहनों में आग लग गई। 4 ऑटो रिक्शा और एक कार पूरी तरह जल गई। गनीमत रही कि समय रहते आग को बुझा लिया गया वरना बड़ा हादसा हो जाता। हादसा पटेल सर्कल पर मंगलवार अल सुबह करीब 3 बजे का है। फिलहाल आग लगने का कारण सामने नहीं आया है। प्रारंभिक जांच में ऑटो ड्राइवरों की आपसी रंजिश से मामले को जोड़कर देखा जा रहा है।

**ऑटो ड्राइवरों के आपसी झगड़े में आगजनी की संभावना**

फिलहाल आग लगने का कारण सामने नहीं आया है। हालांकि इसे ऑटो ड्राइवरों के आपसी झगड़े से जोड़कर देखा जा रहा है। बताया जा रहा है कि इस इलाके में ऑटो वाले जबरन पेट्रोल पंप के बाहर अवैध तरीके से पार्किंग बनाकर खड़े रहते है। संभावना है कि किसी रंजिश के चलते वारदात को अंजाम दिया गया हो। पुलिस पंप पर लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाल रही है।

**पेट्रोल पंप बचा, बड़ा हादसा हो सकता था**

घटना स्थल से पेट्रोल पंप की दूरी बहुत कम थी। आग की लपटें काफी ऊंची उठ रही थीं, जिससे पंप के नोजल और अंडरग्राउंड टैंक तक खतरा पहुंच सकता था। निगम के चीफ फायर ऑफिसर बाबूलाल चौधरी ने बताया कि सूचना मिलते ही गाड़ियां पहुंच गई थीं, जिससे आग को फैलने से रोक लिया गया। पुलिस ऑटो ड्राइवरों से भी पूछताछ कर रही है, जिनके वाहन इस आग में खाक हुए हैं। फिलहाल पूरे मामले की जांच जारी

**"मोदी का विजन"**

## एनसीडीसी द्वारा कॉन्स्टिट्यूशन क्लब में आयोजित हुआ कार्यक्रम

# सहकारिता मंत्री ने दिए क्षेत्रीय उत्कृष्टता एवं श्रेष्ठता पुरस्कार 2025

**लोक टुडे। जयपुर**

सहकारिता राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गौतम कुमार दक ने कहा कि माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की वर्ष 2047 तक विकसित भारत बनाने की संकल्पना को साकार करने में सहकारी क्षेत्र की महत्वपूर्ण भूमिका होगी। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार सहकारी क्षेत्र को प्राथमिकता देते हुए अधिक से अधिक लोगों को इसके माध्यम से लाभान्वित करने के प्रयास कर रही है। दक मंगलवार को कॉन्स्टिट्यूशन क्लब में राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम (NCDC) द्वारा आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कार्यक्रम में विभिन्न श्रेणियों में अच्छा प्रदर्शन करने वाली सहकारी समितियों को एनसीडीसी के क्षेत्रीय उत्कृष्टता एवं श्रेष्ठता पुरस्कार-2025 प्रदान किए। दक ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सहकारिता के महत्व को पहचाकर वर्ष 2021 में अलग से सहकारिता मंत्रालय का गठन कर अमित शाह को इसकी जिम्मेदारी सौंपी। सहकारिता मंत्रालय बनने के बाद विगत चार वर्षों में देश में सहकारी क्षेत्र में बड़ा परिवर्तन आया है। उन्होंने कहा कि सहकारी आन्दोलन आत्मनिर्भर भारत और स्वदेशी अपनाने के संकल्प की ओर देश को ले जाने में भी प्रमुख भूमिका निभा रहा है। सहकारिता मंत्री ने कहा कि पुरस्कृत होने वाली समितियों से अन्य समितियां भी प्रेरणा लेकर उत्कृष्टता की ओर आगे बढ़ें। सरकार का ध्येय है कि सहकारिता का मूल भाव आमजन तक पहुंचे और सहकारी आन्दोलन से उनके जीवन में परिवर्तन आए। उन्होंने कहा कि सहकारी समितियों में कार्य करने का नये लोगों को भी समुचित अवसर मिलना चाहिए, जिससे उनकी ऊर्जा और प्रतिभा का पूरा लाभ मिल सके।




### सीएम की प्राथमिकता में सहकारी क्षेत्र...

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा सहकारी क्षेत्र को प्राथमिकता में रखकर कार्य कर रहे हैं। मुख्यमंत्री की मंशा पर विगत अक्टूबर माह में सहकार सदस्यता अभियान आयोजित किया गया, जिसमें सहकारी समितियों के लगभग 9 लाख नये सदस्य बनाये गए। उन्होंने कहा कि वर्तमान में सहकारी क्षेत्र में 120 से अधिक पहलें क्रियान्वित की जा रही हैं। इन पहलों को अपनाकर सहकारी समितियां सशक्त बन रही हैं। उन्होंने सहकारी समितियों द्वारा क्षेत्रीय उत्पादों का विपणन एवं निर्यात करने की आवश्यकता पर जोर दिया। सहकारिता मंत्री ने सहकारी समितियों की ऑडिट एवं आमसभा समय पर करवाये जाने एवं आमसभा में सभी के सुझाव लिए जाने पर भी बल दिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए किशनगढ़ क्रय-विक्रय सहकारी समिति के अध्यक्ष चेतन चौधरी ने कहा कि केन्द्र में अमित शाह एवं राज्य में गौतम कुमार दक के निर्देशन में सहकारी क्षेत्र में बेहतरीन कार्य हो रहा है। विगत वर्षों में सहकारी समितियों में पारदर्शिता सुनिश्चित हुई है तथा कृषि जिंसों की समर्थन मूल्य में वृद्धि से किसानों का जीवन स्तर सुधर रहा है। एनसीडीसी के क्षेत्रीय निदेशक सुनील कुमार छापोला ने बताया कि संस्था द्वारा विभिन्न श्रेणियों में अच्छा कार्य करने वाली समितियों को प्रत्येक दो वर्ष में राज्य स्तर पर उत्कृष्टता एवं श्रेष्ठता पुरस्कार प्रदान किए जाते हैं। उत्कृष्टता पुरस्कार के अंतर्गत ट्रॉफी, प्रमाण पत्र एवं 35 हजार रुपये की राशि एवं श्रेष्ठता पुरस्कार के अंतर्गत ट्रॉफी, प्रमाण पत्र व 25 हजार रुपये की राशि प्रदान की जाती है।

## जिले को टीबी फ्री बनाने की शपथ

**100 दिवसीय अभियान की शुरूआत, डॉक्टस ने निकाला पैदल मार्च**

**लोक टुडे। सीकर**



सीकर में वर्ल्ड टीबी डे के अवसर पर सोमवार से 100 दिवसीय टीबी फ्री सीकर-टीबी फ्री इंडिया अभियान की शुरूआत हुई। अभियान के तहत स्वास्थ्य विभाग ने जागरूकता बढ़ाने के लिए रैली निकाली और जिलेभर में स्क्रीनिंग व जांच को तेज करने का संकल्प लिया। अभियान की शुरूआत एसके हॉस्पिटल से हुई, जहां से नर्सिंगकर्मियों और स्वास्थ्यकर्मियों ने जागरूकता रैली निकाली। रैली सिल्वर जुबली रोड, कल्याण सर्किल, स्टेशन रोड, तापड़िया बगीची और श्रमदान मार्ग से होते हुए वापस अस्पताल पहुंची। रैली को जिला कलेक्टर मुकुल शर्मा, CMHO डॉ. अशोक महरिया, SK हॉस्पिटल सुपरिटेंडेंट डॉ. प्रियंका अमन ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

**घर-घर जाकर लोगों की जांच करेगी चिकित्सा टीमें :** अधिकारियों ने बताया कि 100 दिवसीय अभियान के तहत जिला अस्पताल, CHC, PHC और ब्लॉक स्तर के सभी स्वास्थ्य केंद्रों पर आने वाले आउटडोर और इंडोर मरीजों की टीबी के लिए स्क्रीनिंग की जाएगी। साथ ही चिकित्सा टीमें घर-घर जाकर भी लोगों की जांच करेंगी, ताकि बीमारी की जल्द पहचान हो सके। ग्रामीण क्षेत्रों में कार्य कर रहे निक्षय मित्रों को भी इस अभियान के दौरान सम्मानित किया जाएगा। प्रशासन का लक्ष्य है कि जनजागरूकता, समय पर जांच और उपचार के जरिए जिले को टीबी मुक्त बनाने की दिशा में ठोस कदम उठाए जाएं।

## 3 वर्षों में 1019 आयुष स्वास्थ्य एवं कल्याण केंद्रों को दी मंजूरी : राठौड़

**लोक टुडे। जयपुर**

राज्यसभा सांसद एवं भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार देश में आयुर्वेद, योग, यूनानी और होम्योपैथी जैसी पारंपरिक चिकित्सा प्रणालियों को सशक्त बनाने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय आयुष मिशन (एनएएम) के तहत देशभर में आयुष स्वास्थ्य एवं कल्याण केंद्रों का विस्तार किया जा रहा है, जिन्हें अब आयुष्मान आरोग्य मंदिर (आयुष) के रूप में विकसित किया जा रहा है। इसके माध्यम से प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाओं में आयुष पद्धतियों को शामिल कर आमजन को सस्ती और प्रभावी चिकित्सा उपलब्ध कराई जा रही है। राज्यसभा सांसद मदन राठौड़ के सवाल पर आयुष मंत्रालय के राज्यमंत्री प्रतापराव जाधव ने यह जानकारी सदन को दी। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने विशेष रूप से राजस्थान का उल्लेख करते हुए कहा कि पिछले तीन वर्षों में राज्य में 1019 आयुष स्वास्थ्य एवं कल्याण केंद्रों को मंजूरी दी गई है।

# प्रमुख शासन सचिव ने परिवादियों से सीधे संवाद कर लिया फीडबैक

**संपर्क हेल्पलाइन 181 कन्ट्रोल रूम का निरीक्षण, शिकायतों के त्वरित निस्तारण के निर्देश**

**लोक टुडे। जयपुर**



चिकित्सा, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण तथा पंचायती राज (चिकित्सा एवं स्वास्थ्य) विभाग की प्रमुख शासन सचिव गायत्री ए राठौड ने मंगलवार को सचिवालय स्थित राजस्थान संपर्क हेल्पलाइन (181) का निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि संपर्क पोर्टल पर दर्ज शिकायतों की नियमित और प्रभावी मॉनिटरिंग सुनिश्चित की जाए, ताकि आमजन की समस्याओं का समयबद्ध समाधान हो सके। निरीक्षण के दौरान राठौड ने मेडिकल हेल्थ विभाग, मेडिकल शिक्षा विभाग तथा राजस्थान राज्य स्वास्थ्य बीमा एजेंसी (राशा) से जुड़े प्रकरणों की विस्तृत समीक्षा की। संपर्क पोर्टल पर 23 मार्च 2025 से 23 मार्च 2026 तक मेडिकल हेल्थ विभाग के कुल 79,512 प्रकरण दर्ज हुए, जिनमें से 74,455 (93.64 प्रतिशत) का निस्तारण किया जा चुका है। इन मामलों के समाधान का औसत समय 18 दिन रहा तथा लगभग 66 प्रतिशत परिवादियों ने समाधान पर संतुष्टि व्यक्त की। इसी प्रकार मेडिकल शिक्षा विभाग से जुड़े 9,830 प्रकरणों में से 9,230 (93.90 प्रतिशत) का निस्तारण किया गया। इनका औसत निस्तारण समय 27 दिन रहा, जबकि करीब 65 प्रतिशत परिवादी संतुष्ट पाए गए। वहीं राजस्थान राज्य स्वास्थ्य बीमा एजेंसी (राशा) से संबंधित 15,457 प्रकरणों में से 14,417 (93.27 प्रतिशत) का समाधान किया गया, जिनका औसत निस्तारण समय 28 दिन रहा और लगभग 72 प्रतिशत परिवादियों ने संतुष्टि जताई। सचिवालय स्थित लाइब्रेरी बिल्डिंग में स्थापित संपर्क हेल्पलाइन 181 के कंट्रोल रूम के निरीक्षण के दौरान राठौड ने स्वयं परिवादियों की समस्याएं सुनीं और उनसे सीधे संवाद कर फीडबैक लिया। कई मामलों में उन्होंने मौके पर ही संबंधित अधिकारियों को त्वरित समाधान के निर्देश दिए। उन्होंने जैसलमेर के उम्मेद सिंह, दौसा के मनीष, भरतपुर के तेजसिंह, डीडवाना-कुचामन के नेमिचंद बारूपाल, श्रीगंगानगर के सूरज कुमार, अलवर के राजाराम मीणा, जयपुर के लोकेन्द्र, संदीप शर्मा व प्रेमदेवी मीणा, जोधपुर के सुनील, बीकानेर के राजेन्द्र, उदयपुर के हीरालाल, नागौर के प्रकाश, बांसवाड़ा के पवन तथा कोटा के उमेश सोनी सहित अन्य परिवादियों से भी बातचीत कर उनकी समस्याएं जानीं और समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के निर्देशानुसार आमजन से जुड़ी शिकायतों के त्वरित निस्तारण के उद्देश्य से सभी विभागों के सचिव निर्धारित तिथियों पर राजस्थान संपर्क हेल्पलाइन पर उपस्थित होकर परिवादियों से सीधे संवाद स्थापित कर रहे हैं।




टाइम्स
www.pktimesnews.com

दैनिक
# लोक टुडे
www.loktodaynews.com

जनता की आवाज
विश्वसनीय खबरों का सर्वश्रेष्ठ अखबार

जयपुर, बुधवार, 25 मार्च, 2026



## बालोतरा जिले के कनाना मठ में श्री ललिता महायज्ञ समारोह में मुख्यमंत्री ने की शिरकत, बोले –

# राजस्थान की धरा शौर्य, आस्था और भक्ति की त्रिवेणी







**लोक टुडे। जयपुर/बालोतरा**

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि राजनीति हो या अन्य कार्य, धर्म आवश्यक है, धर्म के अभाव में कोई भी कार्य ठीक से नहीं हो सकता। धर्म परायण होने पर ही सिद्धियां प्राप्त होती हैं और उसी से ही उत्कृष्ट समाज एवं राष्ट्र की स्थापना हो सकती है। सनातन परम्परा हमें धर्म पर चलते हुए सामाजिक एकता के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा देती है। उन्होंने कहा कि राजस्थान की धरा शौर्य, आस्था और भक्ति की त्रिवेणी है, जहां साधु-संतों के आशीर्वाद से सनातन संस्कृति का पुनर्जागरण हो रहा है। शर्मा मंगलवार को बालोतरा के कनाना श्रीमठ में आयोजित श्री ललिता महायज्ञ की पूणार्हुति एवं मां सरस्वती मंदिर के प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि ऐसे धार्मिक आयोजन समाजिक एकता को सुदृढ़ करने के साथ ही आने वाली पीढ़ी को विरासत से जोड़ते हैं। मुख्यमंत्री ने बालोतरा के धार्मिक महत्व को बताते हुए कहा कि यहां के तीर्थ स्थल हमारी गौरवशाली संस्कृति के सजग प्रहरी हैं। वहीं, कनाना मठ की पवित्र भूमि अलौकिक ऊर्जा का संचार करती है।

**देश के धार्मिक एवं सांस्कृतिक परिदृश्य में आया ऐतिहासिक परिवर्तन :** मुख्यमंत्री ने कहा कि यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कुशल नेतृत्व में देश के धार्मिक एवं सांस्कृतिक परिदृश्य में ऐतिहासिक परिवर्तन आया है। उन्होंने कहा कि अयोध्या में प्रभु श्री रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा, वाराणसी में काशी विश्वनाथ कॉरिडोर और उज्जैन में महाकाल महालोक के अलौकिक निर्माण सहित प्रसाद योजना के माध्यम से देशभर के प्रमुख तीर्थस्थलों के आधारभूत ढांचे और सुविधाओं का विस्तार किया जा रहा है।

**प्रदेश के तीर्थ स्थलों का हो रहा विकास :** मुख्यमंत्री ने कहा कि आस्था की सेवा सबसे बड़ी जनसेवा है, इसी को ध्यान में रखते हुए प्रदेश में भी हमारी सरकार तीर्थ स्थलों के विकास कार्यों पर विशेष ध्यान दे रही है। उन्होंने कहा कि वरिष्ठ नागरिक तीर्थ यात्रा योजना के तहत बुजुर्गों को निःशुल्क तीर्थ दर्शन करवाए जा रहे हैं। देवस्थान मंत्री जोराराम कुमावत ने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में सनातन के लिए विशेष कार्य किए जा रहे हैं। वहीं, मंदिरों के विकास और संस्कृति को संरक्षित करने के लिए हमारी सरकार प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। कार्यक्रम के दौरान कनाना मठ के महंत परशुराम गिरी महाराज ने मुख्यमंत्री का अभिवादन करते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में जनकल्याण के सराहनीय कार्य किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे धार्मिक आयोजन अखण्ड भारत और सनातन संस्कृति की पहचान है। जहां कई देश युद्ध की ओर अग्रसर हैं, वहीं हम भारतीय समस्त विश्व की शांति के लिए कार्य कर रहे हैं।

**सीएम ने महायज्ञ में दी पूणार्हुति :** इससे पहले मुख्यमंत्री शर्मा ने पिछले एक वर्ष से चल रहे श्री ललिता महायज्ञ में पूणार्हुति दी। साथ ही, कार्यक्रम में देशभर से आए प्रमुख संत-महंतों का दुपट्टा ओढ़ाकर एवं श्रीफल भेंट कर सम्मान किया। वहीं, महंत परशुराम गिरी महाराज ने मुख्यमंत्री को श्री यंत्र भेंट कर अभिनंदन किया। इस दौरान उद्योग एवं वाणिज्य राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) के.के. विश्नोई, विधायक हमीर सिंह भायल, महंत प्रतापपुरी, आदूराम मेघवाल, अरुण चौधरी सहित अन्य जनप्रतिनिधि, प्रमुख महंत, साधु-संत और आमजन मौजूद रहे।

## सहेली के जरिए हुई दोस्ती और फिर गैंगरेप

**लोक टुडे। जयपुर**

जयपुर में 9वीं क्लास की नाबालिग छात्रा के साथ जबरन गैंगरेप किया गया। आरोपियों ने छात्रा को जान से मारने की धमकी दी, जिसके बाद वह घर छोड़कर भाग गई। सहेली के जरिए उसका कॉन्टैक्ट आरोपी युवक से हुआ था। पुलिस दिल्ली से ढूंढकर नाबालिग पीड़िता को लेकर आई। पीड़िता के बयान पर एफआईआर दर्ज कर आरोपी युवक को सोमवार शाम को अरेस्ट कर लिया गया है। हालांकि, पुलिस मामले में फरार उसके साथी की तलाश कर रही है। पुलिस ने बताया कि 9वीं क्लास में पढ़ने वाली 15 साल की लड़की से गैंगरेप का मामला दर्ज किया गया है। पिछले सप्ताहभर पहले नाबालिग स्कूल की छात्रा के लापता होने की शिकायत दी गई थी। घर से बिना बताए निकलने पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर तलाश शुरू की। लोकेशन ट्रेक कर पुलिस ने दूसरे दिन उसे दिल्ली से ढूंढ निकाला। जयपुर पहुंचने पर नाबालिग स्कूली छात्रा ने आपबीती सुनाई और उसके बयान दर्ज किए गए।

**गैंगरेप का किया मामला दर्ज :** नाबालिग पीड़िता ने बयानों में बताया कि सहेली के जरिए उसका आरोपी युवक से कॉन्टैक्ट हुआ था। पांच दिन पहले आरोपी ने उसे मिलने के बहाने बुलाया था। मिलने जाने पर वह अपने दोस्त के साथ मिलकर उसे बाइक पर बैठाकर ले गया। सुनसान जगह ले जाकर उसके साथ आरोपी युवक ने जबरन रेप किया। इस बारे में किसी को बताने पर मारने की धमकी देकर डराया।

## नवजात को कट्टे में डालकर कांटों में फेंका

**लोक टुडे। जालोर**

जालोर में एक नवजात झाड़ियों के बीच कांटों में पड़ा मिला। रोने की आवाज सुनकर ग्रामीण मौके पर पहुंचे तो सीमेंट के खाली कट्टे में रखे नवजात को निकाला। उसके शरीर पर कीड़े रेंग रहे थे और मक्खियां भिनभिना रही थीं। नवजात के शरीर में जगह-जगह कांटे चुभे हुए थे। हाथ-पैरों और सिर पर चोटों के निशान मिले हैं। ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस पहुंची। बच्चे को हॉस्पिटल में भर्ती कराया, जहां उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। मामला बागोड़ा थाना क्षेत्र के धुंबड़िया गांव के पास का मंगलवार सुबह 9 बजे का है। नवजात को बागोड़ा सीएचसी में प्राथमिक उपचार के बाद जालोर अस्पताल में रेफर किया गया है। थानाधिकारी बलदेवराम ने बताया - मामले में जांच शुरू कर दी गई है। नवजात को फेंकने वालों की तलाश की जा रही है। आसपास के क्षेत्रों में भी जानकारी जुटाई जा रही है।

**रोने की आवाज सुनकर पहुंचे ग्रामीण :** प्रत्यक्षदर्शी अमृतलाल ने बताया- मंगलवार सुबह करीब 9 बजे जवाई नदी के पास खेतों में काम कर रहे लोगों को बच्चे के रोने की आवाज सुनाई दी। झाड़ियों में जाकर देखा तो कांटों के बीच एक कट्टे में नवजात पड़ा था। तुरंत पुलिस को सूचना दी गई।

## अंतिम छोर तक बैठे व्यक्ति तक पहुंचे सामाजिक योजनाओं का लाभ : अतिरिक्त मुख्य सचिव



**लोक टुडे। जयपुर**

सामाजिक न्याय व अधिकारिता विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव दिनेश कुमार ने विभागीय अधिकारियों की बैठक लेते हुए कहा कि कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्ति तक तय समयावधि में पहुंचाना ही विभाग की सबसे बड़ी जिम्मेदारी है। कुमार ने पदभार संभालने के बाद पहली बार मंगलवार को सचिवालय स्थित अपने कक्ष में सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के अधिकारियों की बैठक ली। उन्होंने विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की समीक्षा करते हुए योजनाओं का लाभ अंतिम छोर तक बैठे व्यक्ति तक पहुंच सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। निदेशक आशीष मोदी ने बैठक में स्कैमेटिक बजट, बजट घोषणा वर्ष 2024-25 से 2026-27 एवं मुख्यमंत्री निदेर्शों की समीक्षा, भारत सरकार से बजट आवंटन एवं उपयोगिता प्रमाण पत्र की समीक्षा सहित विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी। बैठक में वित्तीय सलाहकार अंजू सिंह, अतिरिक्त निदेशक जेपी बैरवा, नसीम खान, रामेश्वरलाल परसोया, रीना शर्मा, सूंडाराम मीणा, अशोक जांगिड़, अरविंद कुमार सैनी सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## बिल्डिंग की लिफ्ट गिरी, दूसरी मंजिल से बेसमेंट में आकर गिरी

**लोक टुडे। जयपुर**

जयपुर में एक आवासीय सोसायटी की लिफ्ट टूट गई। लिफ्ट दूसरी मंजिल से बेसमेंट में आकर गिसी। इस दौरान लिफ्ट के अंदर 8 लोग मौजूद थे। सभी एक ही परिवार के हैं। जो घायल हो गए। वहीं, एक व्यक्ते के फ्रैक्चर हो गया। घटना के बाद रामनगरिया थाने में पीड़ित परिवार की ओर से सोसायटी पदाधिकारियों के खिलाफ शिकायत दर्ज करवाई गई है। हेड कॉन्स्टेबल प्रभुदयाल ने बताया- मामला जगतपुरा इलाके में स्थित दी महिमा पनोरमा रजिडेंट्स वैलफेयर सोसायटी का है। सोसायटी के एल-ब्लॉक में 8वें फ्लोर पर मिथलेश मीना (43) अपनी फैमिली के साथ फ्लैट में रहते है। वह फूड मिनिस्टरी में असिस्टेंट मैनेजर के पद पर हैं। शिकायत में बताया- 23 अक्टूबर-2025 की रात करीब 9:30 बजे फैमिली के 8 मेंबर सहित वह खुद अपने फ्लैट से खाना खाने के लिए बाहर जाने के लिए लिफ्ट में चढ़े थे। दूसरी मंजिल तक लिफ्ट के पहुंचते ही वह अटक गई। इमरजेंसी का बटन दबाने पर लिफ्ट मेंटिनेस से आए स्टाफ ने ऊपर जाकर कुछ किया। अचानक से लिफ्ट टूटकर दूसरी मंजिल से नीचे बेसमेंट में आकर गिरी। इससे लिफ्ट में मौजूद फैमिली मेंबर (5 बड़े-3 बच्चे) डरकर चिल्लाने लगे।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रिक, प्रकाशन, संपादक - नीरज मेहरा द्वारा बोनस ग्राफिक्स, लक्ष्मी नगर, हटवाड़ा मार्ग, अजमेर रोड, जयपुर - 302006 से मुद्रिक एवं 141, दयानन्द नगर, फेज प्रथम झेलना डूंगरी गली नंबर 19, थाना गांधी नगर, जयपुर (राज.) प्रकाशित प्रबंध संपादक - पी.के.बृजवाल, 9950325930, 9571635930 (कानूनी सलाहकार एडवोकेट कैलाशनाथ भट्ट)